**Share Department, Board & Coordination Division, HO Plot No.4 Sector 10, Dwarka, New Delhi-110075 Tel No. : 011-28044857, E-mail: hosd@pnb.co.in**

| **Scrip Code : PNB** | **Scrip Code : 532461** |
|---|---|
| National Stock Exchange of India Limited<br>"Exchange Plaza"<br>Bandra – Kurla Complex, Bandra (E)<br>Mumbai – 400 051 | BSE Limited<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers,<br>Dalal Street,<br>Mumbai – 400 001 |

Date: 06.06.2023

Dear Sir(s),

**Reg: Newspaper Publication- Notice of 22nd AGM**

Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed a copy of the Notice of 22nd Annual General Meeting of the Bank published in Financial Express (English) and Jansatta (Hindi) on 06.06.2023.

The above information is being submitted in compliance of SEBI (LODR) Regulations, 2015.

Thanking you

Yours faithfully,

EKTA PASRICHA

Digitally signed by EKTA PASRICHA
DN: cn=EKTA PASRICHA, c=IN, st=Delhi, o=Personal, title=5725, serialNumber=BEE4AE6E829EEEE60E0B52E2EF065410CCB94EC654442F55DAEC24909CCAF6C9
Date: 2023.06.06 12:57:57 +05'30'

पंजाब नैशनल बैंक P.N.B. शेयर विभाग बोर्ड व समन्वय प्रभाग H.O. Share Department Board & Coord. Division New Delhi-110075 प्र. का., नई दिल्ली-110075

**(Ekta Pasricha)**
**Company Secretary**

Encl: A/a

**Share Department, Board & Coordination Division, HO Plot No.4 Sector 10, Dwarka, New Delhi–110075 Tel No. : 011-28044857, E-mail: hosd@pnb.co.in**

FINANCIAL EXPRESS | TUESDAY, JUNE 6, 2023

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! | punjab national bank ...the name you can BANK upon !

**Head Office: Plot No. 4, Sector 10, Dwarka, New Delhi – 110 075 (Email hosd@pnb.co.in)**

## Notice of the 22nd AGM of the Bank to be held through VC/OAVM

NOTICE IS HEREBY GIVEN that the 22nd Annual General Meeting of the Shareholders of PUNJAB NATIONAL BANK will be held on Friday, 30th June, 2023 at 11.00 a.m. (IST) through Video Conferencing(VC)/ Other Audio Visual Means (OAVM) facility in compliance of the applicable provisions of the SEBI (LODR) Regulations, 2015 read with General Circular No. 10/2022 dated 28th December, 2022 issued by the Ministry of Corporate Affairs and Circular No. SEBI/HO/CFD/ PoD-2/P/CIR/2023/4 dated 05th January, 2023 read with Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD2/ CIR/P/2022/62 dated 13th May, 2022 issued by SEBI, without the physical presence of shareholders at a common venue, to transact the business as set forth in the AGM Notice:

**Ordinary Business:**

- To discuss, approve and adopt the Balance Sheet as at 31st March, 2023, Profit and Loss Account of the Bank for the financial year ended 31st March 2023, the Report of the Board of Directors on the working and activities of the Bank for the period covered by the accounts and the Auditors' Report on the Balance Sheet and Accounts.
- To declare dividend on equity shares of the Bank for the financial year 2022-23.

**Special Business:**

- To approve the Material Related Party Transactions of the Bank.
- To approve the appointment of Directors appointed/nominated on the Board of the Bank under section 9(3) of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970.
- To approve raising of equity capital by way of issue of equity shares to the employees through an 'Employees Stock Purchase Scheme'.

**Notes:**

1. The Annual Report for the year 2022-23 along with the Notice of the AGM will be sent *only* through email to all those Shareholders whose email addresses are registered with the Bank/Depository Participant (DP), in accordance with the aforementioned Circular(s).
2. The Notice of the AGM and the Annual Report will also be available on the website of the Bank i.e. **https://www.pnbindia.in/annual-reports.html** and the websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com,** respectively.
3. Shareholders can join and participate in the AGM through VC/OAVM facility only and such participation shall be counted for the purpose of reckoning the quorum. The instructions for joining the AGM through VC/OAVM have been set forth in the detailed Notice of AGM.
4. No person shall be entitled to attend the AGM through VC/OAVM and/or vote through e-voting as duly authorized representative of a body corporate, unless a copy of the resolution appointing him/her as a duly authorized representative, certified to be a true copy by the Chairman of the Meeting at which it was passed, shall have been deposited at the Share Department, Punjab National Bank, West Wing, Second Floor, Plot No.4, Sector 10, Dwarka, New Delhi - 110075 or sent to the Scrutinizer by e-mail to **sachinag1981@gmail.com** with a copy marked to **evoting@nsdl.co.in** and **hosd@pnb.co.in** on or before the closing hours i.e. 5.00 p.m. of Friday, the 23rd June, 2023.
5. The Register of Shareholders of the Bank will remain closed from Saturday, 24th June, 2023 till Friday, 30th June, 2023 (both days inclusive).
6. The Board of Directors has recommended a dividend of ₹ 0.65 per equity share of ₹2/- each for the financial year ended 31st March, 2023. The Record Date for payment of Dividend will be Friday, 23rd June, 2023. The dividend payment date will be Friday, 14th July, 2023.
7. For receiving the dividend directly into the bank account, Shareholders are requested to register/update their bank details before the Record Date i.e. 23rd June, 2023, by submitting the requisite documents to the concerned DP (for shares held in demat form) and to the Bank/Bank's Registrar and Share Transfer Agent (STA) i.e. M/s Beetal Financial & Computer Services (P) Ltd. (for shares held in physical form).
8. As per the Income-Tax Act, 1961, as amended by the Finance Act, 2020, dividend paid or distributed by Bank after April 1, 2020 shall be taxable in the hands of the Shareholders. Accordingly, the dividend will be paid by the Bank after deducting applicable TDS, if any. Shareholders are requested to furnish the requisite documents/forms to the Bank's STA / Bank at **beetalrta@gmail.com** or **hosd@pnb.co.in,** latest by 23rd June, 2023. For details, Shareholders may please refer to the Notice of the AGM.
9. In compliance of Regulation 44 of SEBI (LODR) Regulations, 2015 and the provisions of Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended read with MCA Circulars, the Bank is pleased to provide its shareholders the facility to exercise their right to vote in respect of the business to be transacted at the AGM by electronic means (remote e-voting and e-voting during the AGM) through the e-voting platform provided by NSDL. The shareholders are requested to follow the procedure as detailed in the Notice of the AGM. A copy of the Notice of AGM shall also be made available on the website of NSDL at **www.evoting.nsdl.com.**
10. The remote e-voting will commence from 09.00 a.m. on Tuesday, 27th June, 2023 and end at 05.00 p.m. on Thursday, 29th June, 2023. No remote e-voting will be allowed beyond this date and time.
11. The Bank has fixed Friday, 23rd June, 2023 as the Cut-Off Date for determining voting rights of shareholders entitled to participate in the remote e-voting process/e-voting at the AGM in respect of the business to be transacted at the Meeting. Any person, who acquires shares of the Bank and becomes a shareholder after emailing of the Annual Report (including the Notice of AGM) and holding shares as on the Cut-Off Date, may follow the procedure as provided in the Notice of the AGM for obtaining the login ID and password for e-voting. A person whose name is recorded in the Register of Shareholders/Beneficial owners (maintained by the Depositories) as on the cut-off date only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting/e-voting at the AGM.
12. In terms of provisions of Section 3(2E) of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970, no shareholder of the Bank other than Central Government shall be entitled to exercise voting rights in respect of the shares held by him in excess of 10% of the total voting rights of all the shareholders of the Bank. If any share stands in the name of two or more persons, the person first named in the register shall, as regards voting, be deemed to be the sole holder thereof.
13. A shareholder may participate in the AGM even after exercising his right to vote through remote e-voting but such a shareholder shall not be allowed to vote again at the AGM.
14. Shareholders holding shares in physical form, who have not registered their email ids are requested to register the same with the Bank's STA at **beetalrta@gmail.com** while those Shareholders who are holding shares in demat form and have not registered/updated their email ids are requested to approach their DP for the same, at the earliest.
15. Shareholders holding shares in physical form or who have not registered their email ids with the Bank/DP are requested to follow the procedure for casting vote through remote e-voting or e-voting at the AGM as detailed in the Notice of the AGM.
16. In case of any query/grievance connected with the facility for e-voting or attending the AGM through VC, shareholders may contact Ms. Pallavi Mhatre, Senior Manager at **evoting@nsdl.co.in** or at telephone nos.: 022-48867000 and 022-24997000.

**By order of the Board of Directors**
**For Punjab National Bank**

**Place: New Delhi**
**Date: 05.06.2023**

**(Ekta Pasricha)**
**Company Secretary**

**Share Department, Board & Coordination Division, HO Plot No.4 Sector 10, Dwarka, New Delhi–110075 Tel No. : 011-28044857, E-mail: hosd@pnb.co.in**

जनसत्ता | 6 जून, 2023

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

प्रधान कार्यालय: प्लॉट नंबर 4, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली – 110 075
(ई–मेल hosd@pnb.co.in)

## वीडियो कान्फ्रेंस/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित होने वाली बैंक की 22वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कॉरपोरेट मामले मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य परिपत्र सं. 10/2022 दिनांक 28 दिसंबर, 2022 तथा सेबी द्वारा जारी परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/पीओडी–2/पी/सीआईआर/2023/4 दिनांक 05 जनवरी, 2023 एवं परिपत्र सं. सेबी/ प्र.का/ सीएफडी/ सीएमडी2/सीआईआर/पी/2022/62 दिनांक 13 मई, 2022 के साथ पठित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एलओडीआर) विनियमन, 2015 के लागू प्रावधानों के अनुपालन में, पंजाब नैशनल बैंक के शेयरधारकों की 22 वीं वार्षिक आम बैठक एजीएम नोटिस में निर्धारित कार्य करने के लिए एक सार्वजनिक स्थान पर शेयर धारकों की भौतिक उपस्थिति के बिना शुक्रवार, 30 जून, 2023 को 11:00 बजे (भारतीय मानक समय), वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो–विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी:

**साधारण कार्य :**

- 31 मार्च 2023 को बैंक के लेखापरीक्षित तुलन पत्र, 31 मार्च 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए बैंक का लाभ और हानि लेखों पर, लेखों द्वारा कवर की गई अवधि के लिए बैंक के कामकाज और गतिविधियों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट और तुलनपत्र एवं लेखों पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर चर्चा करना, अनुमोदन देना और स्वीकार करना।
- वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए बैंक के इक्विटी शेयरों पर लाभांश घोषित करना।

**विशेष कार्य :**

- बैंक के संबंधित पार्टी के महत्वपूर्ण लेनदेन को मंजूरी देना।
- बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3) के तहत बैंक के बोर्ड में नियुक्त/नामित निदेशकों की नियुक्ति को मंजूरी देना।
- 'कर्मचारी स्टॉक खरीद योजना' के माध्यम से कर्मचारियों को इक्विटी शेयर जारी कर इक्विटी पूंजी जुटाने को मंजूरी देना।

**टिप्पणियाँ :**

1. वार्षिक आम बैठक की सूचना के साथ वर्ष 2022–23 की वार्षिक रिपोर्ट केवल उन सभी शेयरधारकों को ईमेल के माध्यम से भेजी जाएगी जिनके ईमेल पते उपरोक्त परिपत्र के अनुसार बैंक/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) के साथ पंजीकृत हैं।
2. वार्षिक आम बैठक की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट बैंक की वेबसाइट यानी **https://www.pnbindia.in/annual-reports.html** और स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट क्रमशः **www.bseindia.com** और **www.nseindia.com** पर भी उपलब्ध होगी।
3. शेयरधारक वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से भाग ले सकते हैं और इस तरह की भागीदारी को कोरम की गणना के उद्देश्य से गिना जाएगा। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से वार्षिक आम बैठक में शामिल होने के निर्देश वार्षिक आम बैठक की विस्तृत सूचना में दिए गए हैं।
4. निगमित निकाय का विधिवत प्राधिकृत कोई भी प्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/ओएवीएम के माध्यम से वार्षिक आम बैठक में भाग लेने हेतु तब तक पात्र नहीं होगा जब तक उस बैठक, जिसमें यह संकल्प पारित किया गया है, के अध्यक्ष द्वारा विधिवत् रूप से प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में उसे नियुक्त करने वाले संकल्प की एक प्रमाणित सत्यप्रति शेयर विभाग, प्रधान कार्यालय, पंजाब नैशनल बैंक, पश्चिमी विंग, द्वितीय तल,प्लाट संख्या 4, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली –110075 में, अथवा संवीक्षक को ई–मेल **sachinag1981@gmail.com** पर भेज न दी जाए और इसकी प्रति **evoting@nsdl.co.in** और **hosd@pnb.co.in** पर या शुक्रवार, 23 जून 2023 को समाप्ति समय अर्थात सांय 5.00 बजे से पहले अवश्य जमा करा दी जाए।
5. बैंक के शेयरधारकों का रजिस्टर शनिवार, 24 जून, 2023 से शुक्रवार, 30 जून, 2023 (दोनों दिन सम्मिलित) तक बंद रहेगा।
6. निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए ₹2/– प्रत्येक के इक्विटी शेयर पर ₹0.65 के लाभांश की सिफारिश की है। लाभांश के भुगतान की रिकॉर्ड तिथि शुक्रवार, 23 जून, 2023 होगी। लाभांश भुगतान की तिथि शुक्रवार, 14 जुलाई, 2023 होगी।
7. लाभांश सीधे बैंक खाते में प्राप्त करने के लिए, शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने बैंक विवरण को रिकॉर्ड तिथि यानी 23 जून, 2023 से पहले संबंधित डीपी (डीमैट फॉर्म में रखे गए शेयरों के लिए) और बैंक/बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (एसटीए) यानी मैसर्स बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज (पी) लिमिटेड (भौतिक रूप में धारित शेयरों के लिए) को अपेक्षित दस्तावेज जमा करके पंजीकृत/अद्यतन करें।
8. वित्त अधिनियम, 2020 द्वारा संशोधित आयकर अधिनियम, 1961 के अनुसार, 1 अप्रैल, 2020 के बाद बैंक द्वारा भुगतान या वितरित लाभांश शेयरधारकों के हाथों में कर योग्य होगा। तदनुसार, लागू टीडीएस, यदि कोई हो, की कटौती के बाद बैंक द्वारा लाभांश का भुगतान किया जाएगा। शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे 23 जून, 2023 तक बैंक/बैंक के एसटीए को **hosd@pnb.co.in** या **beetalrta@gmail.com** पर अपेक्षित दस्तावेज/फॉर्म प्रस्तुत करें। विवरण के लिए, शेयरधारक कृपया वार्षिक आम बैठक की सूचना देखें।
9. एमसीए परिपत्रों के साथ पठित सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के विनियम 44, और कम्पनी (प्रबन्धन एवं प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20 यथासंशोधित के अनुपालन में बैंक सहर्ष अपने शेयरधारकों को नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा उपलब्ध कराए गए ई–वोटिंग प्लेटफार्म के माध्यम से वार्षिक आम बैठक में किए जाने वाले कार्य के संबंध में इलेक्ट्रानिक माध्यमों द्वारा मतदान (रिमोट ई–वोटिंग और वार्षिक आम बैठक के दौरान ई–वोटिंग) करने की सुविधा दे रहा है। शेयरधारक वार्षिक आम बैठक की सूचना में दी गई प्रक्रियाओं का अनुसरण कर सकते हैं। वार्षिक आम बैठक की सूचना की एक प्रति एनएसडीएल की वेबसाइट **www.evoting.nsdl.com** पर भी उपलब्ध करा दी जाएगी।
10. रिमोट ई–वोटिंग मंगलवार, 27 जून, 2023 को सुबह 09.00 बजे से शुरू होगी और गुरुवार, 29 जून, 2023 को शाम 05.00 बजे समाप्त हो जाएगी। इस तिथि और समय के बाद किसी भी रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।
11. बैंक ने बैठक में किए जाने वाले कार्यों के संबंध में दूरस्थ ई–वोटिंग प्रक्रिया/वार्षिक आम बैठक में ई–वोटिंग में भाग लेने हेतु पात्र शेयरधारकों के मतदान अधिकार का निर्धारण करने के लिए अंतिम तिथि शुक्रवार 23 जून, 2023 तय की है। कोई भी व्यक्ति जो बैंक का शेयर अर्जित करता है और वार्षिक रिपोर्ट (वार्षिक आम बैठक की सूचना सहित) ई–मेल के माध्यम से प्रेषित किए जाने के पश्चात् शेयरधारक बन जाता है एवं अंतिम तिथि तक शेयर धारण करता है, वह ई–वोटिंग हेतु लॉग इन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त करने के लिए वार्षिक आम बैठक की सूचना में दी गई प्रक्रिया का पालन कर सकता है। केवल वही व्यक्ति, जिसका नाम शेयरधारकों/हिताधिकारी स्वामियों की सूची (निक्षेपागारों द्वारा रखरखाव की जाने वाली) में अंतिम तिथि को दर्ज पाया जाता है, दूरस्थ ई–वोटिंग/वार्षिक आम बैठक में ई–वोटिंग सुविधा का लाभ उठाने के लिए पात्र होगा।
12. बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 3(2ई) के प्रावधानों के अनुसार केंद्र सरकार के अलावा बैंक का कोई भी शेयरधारक अपने शेयरों के सम्बन्ध में, बैंक के शेयरधारकों के कुल मताधिकार के 10% से अधिक मताधिकार हेतु पात्र नहीं होगा। यदि कोई भी शेयर दो या दो से अधिक व्यक्तियों के नाम पर है, तो मतदान के संबंध में रजिस्टर में जिसका नाम पहले है उसे एकमात्र धारक माना जाएगा।
13. ई–वोटिंग नियमों के अनुसार, शेयरधारक दूरस्थ ई–वोटिंग के माध्यम से मतदान करने के पश्चात् भी वार्षिक आम बैठक में भाग ले सकता है लेकिन ऐसे शेयरधारक को वार्षिक आम बैठक में पुनः मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
14. वे शेयरधारक, जिनके पास भौतिक रूप में शेयर हैं और जिन्होंने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, उनसे बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट अर्थात् मेसर्स बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज (प्रा.) लि. के **beetalrta@gmail.com** पर अपना ईमेल पता पंजीकृत करने का अनुरोध किया जाता है जबकि वे शेयरधारक जिनके पास डीमैट रूप में शेयर हैं और जिन्होंने अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत/अद्यतित नहीं कराई है, उनसे अतिशीघ्र अपनी डीपी से संपर्क करने का अनुरोध किया जाता है।
15. भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारक या जिन्होंने बैंक/निक्षेपागार के पास ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं की है, उनसे वार्षिक आम बैठक की सूचना में यथा निर्धारित दूरस्थ ई–वोटिंग या एजीएम में ई–वोटिंग के माध्यम से मतदान करने की प्रक्रिया का पालन करने का अनुरोध किया जाता है।
16. ई–वोटिंग सुविधा या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वार्षिक आम बैठक में भाग लेने के संबंध में कोई प्रश्न/समस्या होने पर, शेयरधारक सुश्री पल्लवी म्हात्रे, प्रबंधक से **evoting@nsdl.co.in** पर या टेलीफोन नंबर 022–48867000 और 022–24997000 संपर्क कर सकते हैं।

**निदेशक मंडल के आदेश से**
**कृते पंजाब नैशनल बैंक**

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 05.06.2023

**(एकता पसरीचा)**
**कंपनी सचिव**